कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक,नागौर

क्रमांकः–शिविना / मुमा / खेलकूद / विविध / 2022–23 / 3282-83
प्रेषितः–   दिनांक 01.08.2022

01. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी,
    नागौर जिला।
02. समस्त प्रधानाचार्य
    राउमावि नागौर जिला।

विषयः– खेलकूद गतिविधियों के सफल संचालन हेतु।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 12.07.2019 को वी.सी. में प्रदत्त निर्देशों के अनुसार खेलकूद गतिविधियों के प्रभावी संचालन हेतु इस कार्यालय के पूर्व समसंख्यक आदेश क्रमांक 1392 दिनांक 17.07.2019 में जारी निर्देशों को आदिनांक करते हुए निम्न निर्देश जारी किये जाते है।

01. विभाग द्वारा निर्धारित कालांश भार के अनुसार स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा के कालांश शारीरिक शिक्षक को दिये जावे।
02. पोषाहर, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, एसआईक्यू, निष्ठा, पुस्तकालय से संबंधित कार्य से शारीरिक शिक्षक को पूर्णरूप से मुक्त रखा जावे।
03. विद्यालय में प्रतिदिन खेलकूद गतिविधियां आयोजित की जावे।
04. प्रत्येक विद्यालय से जिला स्तर पर कम से कम एक मुख्य खेल (एथेलेटिक्स को छोडकर) की खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेवे। भाग नही वाले विद्यालय के संस्थाप्रधान एवं शारीरिक शिक्षक के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।
05. खेलकूद प्रतियोगिताओं के दौरान जिन शारीरिक शिक्षकों को चयन एवं निर्णायक या व्यवस्थार्थ प्रतिनियुक्त किया जाता है तो उन्हे संस्थाप्रधान अनिवार्यतः कार्यमुक्त करें।
06. अगर विद्यालय में स्टॉफ में कमी हो तो शारीरिक शिक्षक योग्यता के अनुसार विषय अध्यापन का कार्य दिया जावे अन्यथा उसे सामान्य विषयों के अध्यापन से मुक्त रखा जावे।

जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय)माध्यमिक,नागौर
दिनांक 01.08.2022

क्रमांकः–शिविना / मुमा / खेलकूद / विविध / 2022–23 / 3284-87
प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

01. श्रीमान् निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर।
02. श्रीमान् उपनिदेशक (खेलकूद) माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर।
03. श्रीमान् संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा अजमेर मण्डल,अजमेर।
04. श्रीमान् मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी,नागौर।

जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय)माध्यमिक,नागौर